# राजस्थान करंट अफेयर्स 2025

## 20 जुलाई 2025








Praveen Kumar Sharma

GK Search Engine



# Rajasthan Current Affairs

## by GK Search Engine

GET IT ON Google Play

Download App

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine

Yesterday, Quiz:

**Q. हाल ही में एक जिला एक उत्पाद पुरस्कार 2024 में राजस्थान को A श्रेणी में कौनसा पदक मिला है?**

(a) स्वर्ण पदक

(b) रजत पदक

(c) कांस्य पदक

(d) इनमें से कोई नही

◆ 14 जुलाई 2025 को केंद्रीय वाणिज्य उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने एक जिला एक उत्पाद पुरस्कार 2024 वितरित किए।

◆ इनमें राजस्थान को श्रेणी ए में गुजरात व पश्चिम बंगाल के साथ कांस्य पदक मिला।

◆स्वर्ण पुरस्कार विजेता:- आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, पंजाब, उत्तर प्रदेश

◆मध्य प्रदेश को रजत पुरस्कार से नवाजा गया

◆एक जिला एक उत्पाद योजना में प्रत्येक जिले में से एक विशिष्ट उत्पाद की पहचान करना और उस उत्पाद के लिए एक विशिष्ट पारंपरिक औद्योगिक केंद्र बनाना है

01. राजस्थान का दूसरा पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय कहां स्थापित किया जाएगा।?

(A) जयपुर

(B) अलवर

(C) उदयपुर

(D) इनमें से कोई नही

GK SEARCH ENGINE

**Important Facts:**

♦ बीकानेर के बाद राजस्थान का दूसरा पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जयपुर में स्थापित किया जाएगा।

♦ झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत बस्सी नागा, तहसील जोबनेर में 50 बीघा भूमि का आवंटन कर किया गया है

♦ इस महत्वपूर्ण परियोजना से पशुपालन, कृषि एवं अनुसंधान को नई दिशा मिलेगी और क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

♦ राजस्थान देश का ऐसा पहला राज्य होगा, जहाँ दो पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय होंगे

02. केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने ने राजस्थान में कितने मेगावाट की गोरबिया सौर ऊर्जा परियोजना का उद्घाटन किया?

(a) 235 मेगावाट

(b) 435 मेगावाट

(c) 735 मेगावाट

(d) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

♦ केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने ने शनिवार को राजस्थान में 435 मेगावाट की गोरबिया सौर ऊर्जा परियोजना का उद्घाटन किया।

♦फलोदी जिले में आठ महीने से भी कम समय में बनकर तैयार हुई गोरबिया सौर ऊर्जा परियोजना 1,250 एकड़ में फैली है और भारतीय सौर ऊर्जा निगम के साथ 25 साल के विद्युत खरीद समझौते (पीपीए) द्वारा समर्थित है।

♦ इससे सालाना 755 गीगावाट घंटे स्वच्छ बिजली पैदा होगी, जिससे लगभग 1.28 लाख घरों को बिजली मिलेगी और हर साल लगभग 7.05 लाख टन कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी।

03. हाल ही में पद्मश्री से सम्मानित राजस्थानी भाषा के किस प्रसिद्ध साहित्यकार का निधन हुआ है?

(A) अर्जुन सिंह शेखावत

(B) विक्रम सिंह बिश्नोई

(C) समय सिंह चौहान

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

♦ राजस्थानी भाषा और साहित्य को समर्पित जीवन जीने वाले प्रख्यात साहित्यकार, शिक्षाविद और समाजसेवी पद्मश्री अर्जुन सिंह शेखावत का 91 वर्ष की आयु में निधन हो गया।

♦पाली के भादरलाऊ गांव में चार फरवरी 1934 को जन्मे अर्जुन सिंह शेखावत का पूरा जीवन साहित्यिक सेवा और भाषा के उत्थान को समर्पित रहा।लगभग 40 से अधिक पुस्तकें लिखीं

♦अर्जुन सिंह शेखावत की सबसे चर्चित कृति 'भाखर रा भोमिया' रही, जो आदिवासी जीवन, संस्कृति और रीति-रिवाजों पर आधारित है।

♦अर्जुन सिंह शेखावत को 2021 में तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद द्वारा पद्मश्री से सम्मानित किया गया। यूनेस्को चेतना अवॉर्ड (2007) भी मिला है

04. केंद्र सरकार के वार्षिक 'स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में किस नगरपालिका ने राजस्थान की नगर पालिकाओं में पहला स्थान प्राप्त किया है?

(a) भानीपुरा

(b) नाथद्वारा

(c) फतेहपुर

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- केंद्र सरकार के वार्षिक 'स्वच्छ सर्वेक्षण 2024' के नतीजों में नाथद्वारा नगर पालिका ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की है.
- नाथद्वारा ने राजस्थान की 156 नगर पालिकाओं में पहला स्थान प्राप्त किया है, जबकि देशभर की 1500 नगर पालिकाओं में 206वां रैंक हासिल किया.
- इसके अलावा, 20,000 से 50,000 जनसंख्या वाले छोटे शहरों की श्रेणी में राज्य स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है
- नाथद्वारा नगरपालिका आयुक्त सौरभ जिंदल

**05. कोटा में कहां पर ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट का निर्माण किया जा रहा है ?**

(A) नयापुरा

(B) सामोद

(C) शम्भूपुरा

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

➥ कोटा के शम्भूपुरा में प्रस्तावित ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट निर्माण किया जा रहा है

♦नागरिक उड्डयन मंत्रालय के अनुसार कोटा के ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट का निर्माण दिसंबर 2027 तक पूर्ण कर यहां से नियमित विमान सेवा शुरू करने का लक्ष्य रखा है।

♦पहले और दूसरे चरण को मिलाकर अब तक कोटा एयरपोर्ट के लिए कुल 850 करोड़ से अधिक के कार्य टेंडर प्रक्रिया में आ चुके हैं।

06. राजस्थान के किस नगर निगम को स्वच्छता के क्षेत्र में राज्य स्तर पर श्रेष्ठ कार्यों के लिए प्रॉमिसिंग स्वच्छ शहर का अवार्ड मिला?

(A) जयपुर ग्रेटर नगर निगम

(B) जोधपुर नगर निगम

(C) कोटा नगर निगम

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

♦ जयपुर ग्रेटर नगर निगम को स्वच्छता के क्षेत्र में राज्य स्तर पर श्रेष्ठ कार्यों के लिए प्रॉमिसिंग स्वच्छ शहर का अवार्ड केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा प्रदान किया गया।

♦ स्वच्छ सर्वेक्षण रैंकिंग में जयपुर ग्रेटर नगर निगम को 16वी रैंक मिली है, जबकि हेरिटेज नगर निगम को 20वीं रैंक मिली है.

♦यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से यह अवार्ड प्राप्त किया. इस दौरान ग्रेटर नगर निगम के महापौर सौम्या गुर्जर भी मौजूद रही.

♦हाल ही में नगर निगम ग्रेटर और हेरिटेज ने वेस्ट टू एनर्जी प्लांट, कंस्ट्रक्शन वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट की शुरुआत की थी. इस कारण जयपुर ग्रेटर नगर निगम और जयपुर हेरिटेज नगर निगम ने रैंकिंग में एक लंबी छलांग लगाई

**07. राजस्थान के किस जिले में स्थित ऐतिहासिक कांकनवाड़ी फोर्ट को पर्यटन की दृष्टि विकसित कर इसे टूरिस्ट के लिए खोला जाएगा?**

(A) जयपुर

(B) अलवर

(C) जोधपुर

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

➡ ♦सरिस्का टाइगर रिजर्व में जंगल की सैर के साथ-साथ अब अलवर जिले के ऐतिहासिक कांकनवाड़ी फोर्ट का भी भ्रमण करने को मिल सकता है। केंद्रीय वन मंत्री भूपेंद्र यादव इसकी योजना बना रहे हैं।

♦ पर्यटन के उद्देश्य से सप्ताह में दो दिन इसे खोलने की तैयारी है। बताया जा रहा है कि दो से तीन करोड़ रुपए खर्च करके यह भ्रमण लायक बनाया जाएगा।

♦यह एक पहाड़ी पर स्थित है और इसका आकार गिटार जैसा है।

♦17वीं शताब्दी में आमेर के राजा जय सिंह प्रथम ने बनवाया था, लेकिन यह औरंगजेब ने अपने भाई दारा शिकोह को कैद किया था

08. गुजरात की सीमा से सटे राजस्थान के चार जिलों में एक योजना के तहत दुग्ध उत्पादकों को 5 रुपए की सब्सिडी के अलावा कितने रुपए प्रति लीटर बोनस दिया जाएगा?

(A) 4 रुपए प्रति लीटर

(B) 2 रुपए प्रति लीटर

(C) 3 रुपए प्रति लीटर

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦ गुजरात की सीमा से सटे राजस्थान के चार जिलों (उदयपुर, बांसवाड़ा, बाड़मेर व जालोर) में यह योजना लागू की जाएगी।

♦ इसके तहत दूध पर 2 रुपए प्रति लीटर का अतिरिक्त बोनस

♦राज्य सीमा नीति के तहत सीमावर्ती जिलों के दुग्ध उत्पादकों को 5 रुपए की सब्सिडी के अलावा 2 रुपए प्रति लीटर बोनस दिया जाएगा।

♦ इन जिलों में औसतन प्रतिदिन 1.75 लाख किलो दूध का उत्पादन होता है। इससे प्रदेश के 20 हजार से अधिक दुग्ध उत्पादकों को फायदा मिलेगा।

**09. हाल ही में टेस्ला ने किस भारतीय शहर में अपना पहला शोरूम खोला है?**

(A) जयपुर

(B) कोटा

(C) मुंबई

(D) बैंगलुरू



**Important Facts:**

♦ टेस्ला कार (Tesla) का वाई मॉडल भारत में आ गया है। मुंबई की सड़कों पर टेस्ला को दौड़ते हुए देखा गया है।

♦एलन मस्क के मालिकाना हक वाली कंपनी ने अपना पहला शोरूम देश की आर्थिक राजधानी कहे जाने वाले शहर मुंबई में खोला है।

♦लेकिन क्या आप जानते हैं कि टेस्ला कार मुंबई से भी कम कीमत में दिल्ली में मिल रही है। इस कार का रजिस्ट्रेशन तीन शहरों के लिए ओपन हुआ है।

♦Tesla Model Y के स्टील्थ ग्रे मॉडल के दिल्ली में ऑन रोड प्राइस 61,06,690 रुपये हैं।

**10. अंतर्राष्ट्रीय नेल्सन मंडेला दिवस हर साल कब मनाया जाता है?**

(A) 16 जुलाई

(B) 17 जुलाई

(C) 15 जुलाई

(D) 18 जुलाई



**Important Facts:**

♦ संयुक्त राष्ट्र (UN) नेल्सन मंडेला अंतर्राष्ट्रीय दिवस (मंडेला दिवस) प्रतिवर्ष 18 जुलाई को दुनिया भर में नेल्सन मंडेला के संघर्ष समाधान, मानवाधिकारों, नस्ल संबंधों, लैंगिक समानता और सुलह के लिए आजीवन समर्पण को पहचानने के लिए मनाया जाता है।

♦यह दिन नोबेल शांति पुरस्कार विजेता (1993), नेल्सन मंडेला की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है, जो दक्षिण अफ्रीका के पहले अश्वेत राष्ट्रपति थे।

♦18 जुलाई, 2025 को नेल्सन रोलीह्लाहला मंडेला की 107वीं जयंती है, जिनका जन्म 18 जुलाई, 1918 को हुआ था।

**Today, Quiz:**

**Q. मानव तस्करी पर दो दिवसीय राज्य स्तरीय सम्मेलन का आयोजन कहां किया जा रहा है?**

(A) जयपुर

(B) बीकानेर

(C) अलवर

(D) इनमें से कोई नही

**राजस्थान करंट अफेयर्स 2025 Exam Booster Course**

GK Search Engine Mobile App

🔷🔷🔷🔷🔷🔷🔷🔷🔷🔷🔷

💠क्या मिलेगा? 👇👇👇👇

✅ जनवरी से दिसम्बर 2025 राजस्थान करंट अफेयर्स व्याख्या सहित (प्रतिमाह अपडेट होगा)

🎯 2024 का पूरा राजस्थान करंट अफेयर्स (व्याख्या सहित 1000+ Question)

🔲 अन्य महत्वपूर्ण परीक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण Ebook

👇👇👇👇👇👇👇👇👇👇👇👇👇

https://www.gksearchengine.in/courses/616266



GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine